आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 02.04.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए नागरिक–केंद्रित शासन पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – उत्तराखंड की आस्था और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 की तैयारियों का निरीक्षण किया। सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।
- पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने बारामो–टुंडी क्लस्टर के समग्र विकास के लिए एकीकृत विकास योजना की समीक्षा की।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है, जो न केवल कुशल हो बल्कि नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए आज एक वीडियो संदेश में यह बात कही। वर्तमान शासन को 'नागरिक देवो भव' के मंत्र से निर्देशित बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका स्पष्ट उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी राष्ट्र की शक्ति उसकी संस्थाओं की क्षमता में निहित होती है और उस क्षमता को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षमता निर्माण आयोग अपने स्थापना दिवस और मिशन कर्मयोगी के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज से आठ अप्रैल तक कर्मयोगी साधना सप्ताह मना रहा है। इस दौरान केंद्रीय मंत्रालय, राज्य, केंद्रशासित प्रदेश और 250 से अधिक सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थान सहयोगात्मक क्षमता निर्माण के लिए एक साथ आगे आएंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड की आस्था और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में सख्त कानून लागू किए जा रहे हैं और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आज नैनीताल जिले में रामनगर के छोई स्थित श्री हनुमान धाम में पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। साथ ही केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम में भी व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड की पहचान और अधिक सशक्त हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य धार्मिक पर्यटन को और अधिक सशक्त करना है, ताकि उत्तराखंड की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत हो सके।

चारधाम यात्रा बैठक

आगामी चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए, ताकि चारधाम यात्रा सुरक्षित, सुचारु और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

बेली ब्रिज निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज मसूरी–देहरादून मार्ग पर निर्माणाधीन बेली ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन सीजन प्रारंभ होने से पहले हर हाल में बेली ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया जाए, ताकि पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।
उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से मसूरी–देहरादून मार्ग पर यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले श्री जोशी ने लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से स्थायी पुल के निर्माण से पहले एक और अस्थायी बेली ब्रिज बनाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में आज उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

मुख्य सचिव निरीक्षण

कुम्भ मेला–2027 की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने आज हरिद्वार में विभिन्न निर्माणाधीन और प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय समन्वय को सुदृढ़ बनाते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा। मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों के साथ ही यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी समान प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।
चारधाम यात्रा को लेकर मुख्य सचिव ने कहा कि शासन स्तर पर तैयारियां पहले से ही शुरू कर दी गई हैं और यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

बैठक पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बारामो–टुंडी क्लस्टर के समग्र विकास के लिए तैयार एकीकृत विकास योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जल संरक्षण, सोलर लाइट, सामुदायिक शौचालय और अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने योजना के तहत प्रस्तावित गतिविधियों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

निःशुल्क पुस्तकें वितरण

बागेश्वर जिले में नए शैक्षणिक सत्र के लिए शिक्षा विभाग की ओर से निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण शुरू कर दिया गया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने छात्र–छात्राओं को पुस्तकें वितरित कर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी विद्यार्थियों को सत्र के प्रारंभ में ही पाठ्य सामग्री उपलब्ध हों, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक कक्षा 1 से 8 तक के 18 हजार 415 और कक्षा 9 से 12 तक के करीब 15 हजार छात्र–छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें प्रदान की जा चुकी हैं। शेष विद्यार्थियों तक पुस्तकें पहुंचाने का कार्य तेजी से जारी है।